# U.P. POWER TRANSMISSION CORPORATION LTD
## उ0 प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत पारेषण मण्डल–प्रथम,
उ.प्र.पावर ट्रान्स. कारपोरेशन लि.
कक्ष सं. 111 से 114, भू–तल, पारेषण भवन
विभूति खण्ड–II, निकट मंत्री आवास
गोमतीनगर, लखनऊ–226010
GSTIN : 09AAACU8823E1Z9
मो0 नं0 : 9450909424

Office of the Superintending Engineer
Electricity Transmission Circle-I, Lucknow
U. P. Power Transmission Corporation Ltd.
Room No. 111 to 114, Ground Floor, Pareshan Bhawan,
Vibhuti Khand-II, Near Mantri Awas, Gomtinagar,
Lucknow-226010
e-mail : seetc1upptcllko@gmail.com
: seetc1@upptcl.org
M. No: 9450909424

पत्रांक : /वि.पा.मं.(प्र.)ल./निविदा मण्डल दिनॉक :

सेवा में,

विज्ञापन व्यवस्थापक,
स्पष्ट आवाज, लखनऊ/इण्डियन एक्सप्रेस, लखनऊ।

**विषय : ई-निविदा सूचना संख्या–08–12/वि.पा.मं.(प्र.)ल./2026–27 के प्रकाशन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया संलग्न विज्ञापन अपने प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र में दिनॉक–13.05..2026 तक केवल एक बार 'कम से कम स्थान में हिन्दी भाषा के विज्ञापन सामग्री के लिये 8-10 प्वाइन्ट टाइप में तथा अंग्रेजी भाषा के विज्ञापन सामग्री के लिए 6-8 प्वाइन्ट टाइप में केवल 'दो कालम में' प्रकाशित करें। हेडिंग व नीचे का नाम व पता, यथासम्भव एक ही लाइन में रनिंग मैटर के रूप में कम से कम स्थान में प्रकाशित करें।

निविदा सूचनाओं का प्रकाशन निविदा हेतु निर्धारित पृष्ठ पर करने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। संलग्न हिन्दी/अंग्रेजी भाषा की विज्ञापन सामग्री का प्रकाशन, अंग्रेजी भाषा तथा हिन्दी भाषा के समाचार पत्र में केवल हिन्दी/अंग्रेजी (यथा उपलब्ध) भाषा में ही किया जाये।

विज्ञापन शुल्क का बीजक तीन प्रतियों में, अग्रिम भुगतान, प्राप्ति रसीदी टिकट सहित प्रकाशित विज्ञापन की दो सम्पूर्ण बाऊचर प्रतियां संलग्न करते हुए सत्यापन/भुगतान हेतु अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल.प्रथम, उ.प्र. पावर ट्रान्समिंशन कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ कार्यालय को प्रेषित करें।

विज्ञापन प्रकाशित होते ही विलम्बत्म 3 कार्य दिवस के अन्दर प्रकाशित विज्ञापन की एक कटिंग अधोहस्ताक्षरी को सूचनार्थ अवश्य भेज दी जाय अन्यथा सम्बन्धित बीजक का सत्यापन/भुगतान, उप महाप्रबन्धक (लेखा) पारेषण मध्य, लखनऊ द्वारा नहीं किया जायेगा।

प्रत्येक पत्र व्यवहार में इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनॉक का उल्लेख अवश्य करें।

उपरोक्त निर्धारित तिथि अथवा समय के पश्चात निविदा सूचना/सूचना का प्रकाशन कदापि न किया जाय। यदि विज्ञापन आदेश विलम्ब से अर्थात निविदा विक्रय/खुलने की तिथि के दो/तीन दिन पूर्व ही प्राप्त हुआ हो तो उसका प्रकाशन न करें और तिथि बढ़ाने हेतु अधोहस्ताक्षरी को वापस कर दें अथवा सम्पर्क कर लें। निर्धारित तिथि के पश्चात् बिना पूर्वानुमति के प्राप्त ऐसे विज्ञापनों का प्रकाशन कदापि न किया जाय। यदि समाचार पत्र स्तर पर स्वयं ही देर से प्राप्त निविदा सूचना/सूचना का प्रकाशन निर्धारित तिथि के बाद किया जाता है तो ऐसे समाचार पत्र के बीजक का सत्यापन/भुगतान नहीं किया जायेगा।

यदि आपको सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश तथा विज्ञापन एवं दृश्य प्रचार निदेशालय, भारत सरकार द्वारा स्वीकृत विज्ञापन दरें स्वीकार न हो तो कृपया विज्ञापन का प्रकाशन न करें तथा अधोहस्ताक्षरी को अविलम्ब इस आशय की सूचना देने का कष्ट करें।

विज्ञापन के अन्त में सबसे नीचे छोटे टाइप में **'राष्ट्रहित में बिजली बचाएं'** का नारा तथा इस विज्ञापन आदेश की संख्या व दिनॉक अवश्य प्रकाशित करें।

उक्त निर्देशों के विपरीत तथा गलत अथवा भद्दे ढंग से प्रकाशित किये गये विज्ञापनों में उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन द्वारा नियमानुसार आवश्यक कटौती की जा सकती है अथवा सम्पूर्ण बीजक का भुगतान रोका/निरस्त किया जा सकता है। **बीजक जी.एस.टी. मानक अनुरूप होने चाहिए अन्यथा बीजक स्वीकार नहीं किया जायेगा।**

संलग्नक : विज्ञापन सामग्री।

भवदीय

**अधीक्षण अभियन्ता**
विद्युत पारेषण मण्डल.प्रथम, लखनऊ

**पत्रांक : 1250/वि.पा.मं.(प्र.)ल./निविदा मण्डल** **दिनॉक : 12-05-2026**

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य अभियन्ता (पारेषण मध्य), उ. प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड, लखनऊ।
2. उप महाप्रबन्धक (लेखा), पारेषण मध्य, उ. प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड लखनऊ।
3. सूचना पट।

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत पारेषण मण्डल.प्रथम, लखनऊ

# उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड
## विद्युत पारेषण मण्डल– I, लखनऊ
## ई–निविदा सूचना, दिनांक 12.05.2026
## निविदा संख्या एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

1. **ई-निविदा संख्या 08-**वि.पा.मं.(प्र.)ल./2026-27, विद्युत पारेषण खण्ड– III, लखनऊ के अन्तर्गत 132 के0वी0 उपकेन्द्र रामनगर, बाराबंकी पर 33 के0वी0 Independent Combined Hospital Sirauli Gauspur Bay से सम्बन्धित कार्य हेतु ई.निविदा आमन्त्रित की गयी है, जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनॉक 15.05.2026 तक प्रकाशित किया जायेगा। कार्य की अनुमानित लागत रू0 07.14 लाख (कर सहित) का कार्य की अवधि 01 माह धरोहर धनराशि रू. 7500.00 ऑन लाइन ई.निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनॉक 08.06.2026 को 16:00 बजे तक है।

2. **अल्पकालीन ई-निविदा संख्या 09-**वि.पा.मं.(प्र.)ल./2026-27, विद्युत पारेशण खण्ड– II, लखनऊ के अन्तर्गत 220 के0वी0 चिनहट पर स्थापित 200 एम0वी0ए0 220/132 के0वी0 परिवर्तक– II (M/s Aditya Make) के क्षतिग्रस्त एयर सेल को बदलने हेतु हेतु ई.निविदा आमन्त्रित की गयी है, जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनॉक 15.05.2026 तक प्रकाशित किया जायेगा। कार्य की अनुमानित लागत रू. 2.34 लाख (कर सहित) का कार्य की अवधि 01 माह धरोहर धनराशि रू. 2500.00 ऑन लाइन ई.निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनॉक–29.05.2026 को 16:00 बजे तक है।

3. **अल्पकालीन ई-निविदा संख्या 10-**वि.पा.मं.(प्र.)ल./2026-27, विद्युत पारेशण खण्ड– II, लखनऊ के अन्तर्गत 220 के0वी0 उपकेन्द्र गोमती नगर पर स्थापित 01 नग 60 एम0वी0ए0 परिवर्तक–प्रथम (Areva Make) से हो रहे तेल रिसाव को रोकने हेतु गैस्केट को बदलने सम्बन्धित कार्य हेतु ई.निविदा आमन्त्रित की गयी है, जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनॉक 15.05.2026 तक प्रकाशित किया जायेगा। कार्य की अनुमानित लागत रू. 5.13 लाख (कर सहित) का कार्य की अवधि 01 माह धरोहर धनराशि रू. 5500.00 ऑन लाइन ई.निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनॉक–29.05.2026 को 16:00 बजे तक है।

4. **अल्पकालीन ई-निविदा संख्या 11-**वि.पा.मं.(प्र.)ल./2026-27, विद्युत पारेषण खण्ड– II, लखनऊ के अन्तर्गत 220 के0वी0 उपकेन्द्र कुर्सी रोड़ पर स्थापित 160 एम0वी0ए0 220/132 के0वी0 परिवर्तक–तृतीय के क्षतिग्रस्त एयर सेल को बदलने हेतु ई.निविदा आमन्त्रित की गयी है, जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनॉक 15.05.2026 तक प्रकाशित किया जायेगा। कार्य की अनुमानित लागत रू. 2.36 लाख (कर सहित) का कार्य की अवधि 01 माह धरोहर धनराशि रू. 2500.00 ऑन लाइन ई.निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनॉक–29.05.2026 को 16:00 बजे तक है।

5. **ई-निविदा संख्या 12-**वि.पा.मं.(प्र.)ल./2026-27, विद्युत पारेषण खण्ड– II, लखनऊ के अन्तर्गत 220 के0वी0 उपकेन्द्र नैमिष नगर, लखनऊ पर 220/132 के0वी0 विभव की पारेषण लाइनों के निर्माण हेतु ई.निविदा आमन्त्रित की गयी है, जिसे www.etender.up.nic.in पर दिनॉक 15.05.2026 तक प्रकाशित किया जायेगा। कार्य की अनुमानित लागत रू. 7.26 लाख (कर सहित) का कार्य की अवधि 01 माह धरोहर धनराशि रू. 7500.00 ऑन लाइन ई.निविदा भरने की अंतिम तिथि दिनॉक–25.05.2026 को 16:00 बजे तक है।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र बेवसाइट–http//etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनायें बेवसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

**अधीक्षण अभियन्ता**
विद्युत पारेषण मण्डल– I, लखनऊ

Signature Not Verified
Digitally signed by FAIYAZ SHABBAR
Date: 2026.05.14 07:20:52 BST
Location: Uttar Pradesh-UP